**Nai Dunia (Indore), 10th September 2021, Page-2**

# सेना के भावी अधिकारियों ने देखी आइआइटी की लैब

**इंदौर।** मिलिट्री कालेज़ आफ टैलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) महू में प्रशिक्षण ले रहे भारतीय सेना के भावी तकनीकी अधिकारियों ने गुरुवार को आइआइटी इंदौर का दौरा किया। आयोजन सेंटर आफ फ्यूचरिस्टिक डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलाजी (सीएफडीएसटी) ने किया। अधिकारियों ने आइआइटी इंदौर की विभिन्न प्रयोगशालाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। आइआइटी इंदौर के एकेडमिक डीन डा. देवेंद्र देशमुख ने संस्थान के इतिहास और अनुसंधानों के बारे में बताया। अधिकारियों ने सीएनसी मशीन, एक्स रे मशीन, रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी मशीनों के कार्यों को जाना और मशीनों को संचालित करने की इच्छा जाहिर की। सीएफडीएसटी के प्रमुख डा. इंद्रसेन सिंह के मार्गदर्शन में अधिकारियों ने आइआइटी के सभी आधुनिक संसाधनों के बारे मे जानकारी एकत्रित की। –**नप्र**